हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 17 मई 2025

10 कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव में की शिरकत



11 अब विधायक ने किया नाला निर्माण का शुभारंभ




# Toppers हर बार लगातार

संस्कारम – 8 वर्षों से लगातार बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठता का प्रतीक

98.2%

Congratulations

Class : XII

Board Result

COMMERCE TOPPER
YASHIKA D/o RAJEEV
JHAJJAR

97.8%
ART TOPPER
PRACHI D/o SANDEEP
BERI

97.2%
SCIENCE TOPPER
LAVANYA D/o JITENDER
BERI

97.2%
SCIENCE TOPPER
YOGEETA D/o SURENDER
JHAJJAR

Above 95% - 13 Students
Above 90% - 30 Students
Above 80% =119 Students

96.2% PRACHI D/o SOMBIR GIRAWAR
96.2% SRISHTI D/o AJAY JHAJJAR
96% HARSH D/o SOMVEER ACCHEJ
96% NISHA D/o SURENDER MATANHAIL
95.6% NIDHI D/o PARAMVIR SILANI
95 % KOMAL D/o SATENDER JHAJJAR
94.8% HUNNEY D/o RAMESH IMLOTA
95% SHUBHAM S/o KAILASH DUBALDHAN
95% ISHIKA D/o LAKSHMINARYAN CHANDPUR
93.4% AKSHITA D/o JOGINDER SEKHUPUR
93.2% SAKSHI D/o JEET SINGH JHAJJAR
93.2% HIMANSHI D/o JITENDER BERI
93 % YASHASVI D/o VIKRANT JHAJJAR
93 % VARSHA D/o ANOOP CHHUCHHAKWAS
92.2 % SAMPRITI D/o DEEPAK JHAJJAR
92 % MANSHI D/o RAJIV MATANHAIL
91.6 % SHUBHAM D/o RANBIR KHERI KHUMMAR
91.2 % DAKSH S/o VIJENDER JHAJJAR
91.2 % TANISHK S/o NARESH CHARKHI DADRI
91 % ADITYA S/o SURENDER JHAJJAR
90.8 % SAMEER S/o DHARAMBIR JHAJJAR
90.6 % JAI S/o PAWAN MAROT
90.2 % ISHA D/o SUNIL CHHARA
90 % JIYA D/o IQBAL MADANA
90 % KOMAL D/o DALBIR CHHARA
90 % TAKSHIKA D/o VIJAY KABULPUR
89 % VANSHIKA D/o RAVINDER CHHARA

97.4%

BHAVYA D/o SACHIN
BERI

Above 95% - 17 Students
Above 90% - 41 Students
Above 80% =107 Students

ADMISSIONS OPEN 2025-26






Class : X Board Result

97.2% PARI D/o UTTAM VILLAGE - GOCHHI
97.2% HARSHIT S/o VIVEK BERI
96.8% PARTH S/o SANDEEP BERI
96.4% BHAVYA D/o PARVEEN JHAJJAR
96.2% KUNJAN D/o NEERAJ DULHERA
96.2% DEEPIKA D/o JITENDER CHHARA
96 % BHAVYA D/o DEEPAK JHAJJAR
95.6% GARIMA D/o SUNIL BABRA
95.4% HIMANSHI D/o UDAYBHAN TALAO
95.4% HARSHITA D/o SOMDAS SIKANDERPUR
95% DIVYANSHU S/o JITENDER GWALISON
95% YASH S/o SOMVIR UKHALCHANA
95% KIRTI D/o RAJESH JHAJJAR
95% AYUSH S/o VINOD BUPANIA
95% HARSHITA D/o KRISHAN DUBALDHAN
95% ANSHU D/o VIJAYPAL JHAJJAR
94 % VIPARSH S/o RAJESH PAHARIPUR
93.6% MOKSHI D/o AJAY SILANA
93.4% BHAWNA D/o UMESH BABRA
93.4% HIMANSHU S/o SURENDER JHAJJAR
93 % DISHA D/o ANIL KHERI KHUMMAR
92.4% LAKSHAY S/o ANIL TALAO
92.2% YASH S/o PARVEEN JHAJJAR
92.2% AMRITA D/o SATISH JHANGIRPUR
91.4% ISHAN S/o NARESH DHANDHLAN
91.2% CHESTA D/o PARDEEP KHAKHANA
91 % GORVI D/o BHARAT JHAJJAR
90.8 % SHIVAM S/o PARVEEN BERI
90.8% DEV S/o MANOJ JHAJAJR
90.8 % ANSHU D/o SANDEEP KABLANA
90.8 % KANAK D/o DINESH SILANA
90.6% DIKSHA D/o SURENDER DULINA
90.6 % ANIKET S/o JASHMER BERI
90.2 % VANSHIKA D/o BHUDEV PALRA
90.2 % ANSHIKA D/o JITENDER ROHTAK
90 % JAI S/o SUKHBIR JHAJJAR
90 % KHUSHI D/o SHRI BHAGWAN BHAGALPURI
90 % ANSHIKA D/o NARENDER PALRA
90 % PRIYA D/o VIJAY RUDHIAWAS
90 % HARSHLATA D/o PARDEEP KHERI KHUMMAR

India's Most Trusted School for Integrated Classroom Programme for Selection in IIT-JEE, NEET, NDA, MNS, SSC,CUET,CLAT, CA, CS, ICMAI

SANSKARAM GROUP OF SCHOOLS

THE TIMES OF INDIA
Awarded with Times School Survey award 2025-26

JHAJJAR CAMPUS : CALL : 8222889860, 8222889862
NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar ( Haryana)
PATAUDA CAMPUS : CALL : 9053007801,9053007802
NH.71, Patauda, Near Kulana, Jhajjar ( Haryana)

**खबर संक्षेप**

### कन्या गुरुकुल आवासीय शिविर कल से

**बहादुरगढ़।** रविवार 18 मई को गांव लोवा कलां स्थित रंजीत स्मारक शांति निकेतन कन्या गुरुकुल में 8 दिवसीय निःशुल्क आवासीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला प्रधान आर्य हरिओम दलाल ने बताया कि आर्य केंद्रीय सभा बहादुरगढ़ के सौजन्य से गुरुकुल की प्राचार्या डा. राजन मान के संरक्षण में यह शिविर लगेगा। कैंप में बालिकाओं को आत्मरक्षा, व्यक्तित्व विकास, योग, व्यायाम, यज्ञ, संस्कृत संभाषण, आदर्श चरित्र निर्माण आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह 8 दिवसीय शिविर पूर्ण रूप से निःशुल्क और आवासीय होगा।

### सिलानी गांव में इनेलो की जनसभा कल

**झज्जर।** गांव सिलानी में रविवार को जनसभा का आयोजन किया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने बताया कि रविवार को होने वाली इस जनसभा में मुख्य वक्ता के रूप में चौधरी अभय सिंह चौटाला शिरकत करेंगे। इसके अलावा इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा और वरिष्ठ नेता उमेद लोहान भी जनसभा को संबोधित करेंगे।

### स्कूल वाहनों की जांच के लिए चलेगा अभियान

**बेरी।** एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि बसों के सुरक्षित आवागमन के लिए यह जरूरी है



कि बस चालक यातायात नियमों का ठीक ढंग से पालन करें और बस की कंडीशन ठीक रहनी चाहिए तथा बसों की नियमित जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की अवहेलना पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस भी लगातार स्कूल बसों पर निगरानी रखें। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे अगर उपमंडल में कहीं भी किसी चालक द्वारा बरती गई लापरवाही को देखते हैं, तो तुरंत प्रभाव से संबंधित स्कूल के प्रबंधक तथा उपमंडल प्रशासन को सूचित करें।

## नगर परिषद कार्यालय परिसर में किया प्रदर्शन

# लंबित मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर रहे नगर परिषद के सफाई कर्मचारी



झज्जर। नगर परिषद कार्यालय परिसर में नारे लगाते हुए भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन करते आ रहे नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शुक्रवार को भूख हड़ताल पर रहे। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर परिषद के ग्यारह कर्मचारियों ने भूख हड़ताल में भाग लिया। नगर परिषद कार्यालय परिसर में रखी गई इस भूख हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा कराने को लेकर नारे लगाए। इकाई कोषाध्यक्ष गौरव ने बताया कि भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों में सोनिया, सुनीता, उषा, सुरेश, सुषमा, राज, हरिओम, महेश, सुरेंद्र, विजय, संदीप आदि कर्मचारी शामिल रहे। उनकी मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेका प्रथा समाप्त करना, न्यूनतम वेतन 27 हजार रुपये लागू करना, मानी गई मांगों के पत्र जारी करना, गुरुग्राम के हटाए हुए 3480 कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेना, सेवानिवृत होने पर कर्मचारियों को 10 लाख रुपये देना, ड्यूटी पर मृत्यु होने पर कर्मचारियों को 20 लाख रुपये देना और उसके परिवार को सरकारी नौकरी देना, जोखिम भत्ता पांच हजार रुपये लागू करना आदि हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सरकार द्वारा उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेश के सभी कर्मचारी मिलकर एक बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

## सफाई कर्मियों की भूख हड़ताल

**बहादुरगढ़।** मांगों से संबंधित समझौते लागू न होने से कर्मचारियों में सरकार के प्रति नाराजगी है। नगर पालिका कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों द्वारा दो दिन प्रदर्शन करने के बाद शुक्रवार को क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी गई। नगर परिषद के गेट पर धरना देकर इन कर्मचारियों ने जोर शोर से अपनी मांग उठाई और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठने वालों में इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर, उप प्रधान अजय, संदीप सफाई, राहुल, सुनील, शकुंतला, राम भतेरी, गजना, अनीता, बाला, पिंकी व संतोष आदि कर्मचारी शामिल थे। राज्य संगठनकर्ता राजपाल, जिला प्रधान राजेंद्र व उपप्रधान लीलाराम सहित अन्य कर्मचारियों ने भी भूख हड़ताली कर्मचारियों को समर्थन दिया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हम कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, ठेका प्रथा बंद करने, कौशल रोजगार निगम को बंद करने, पुरानी पेंशन लागू करने सहित अन्य मांग उठा रहे हैं। जब भी हम आंदोलन करते हैं तो सरकार हमारे साथ समझौते करती है लेकिन उन्हें लागू नहीं करती। पिछले साल हुए समझौते को अब तक लागू नहीं किया गया है। इस वजह से कर्मचारियों में रोष है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। आगामी 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भी कर्मचारी बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर भूख हड़ताल किए बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। विशेष बच्चों के साथ अस्पताल के चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## स्पेशल स्कूल में की जांच

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा के आशा किरण स्पेशल स्कूल में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित कैंप में नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने जांच की।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी से बातचीत करते मंत्री कृष्ण बेदी व डॉ पंकज जैन।

## कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव में की शिरकत

**बहादुरगढ़।** स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में गुरुग्राम के लेजर वैली पार्क में श्री कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के साथ शिरकत की। जैन ने स्वामी ज्ञानानंद महाराज से आशीर्वाद लेते हुए सभी के लिए सुख व समृद्धि की कामना की। उत्सव में पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का भी स्वागत किया।

# छारा कॉलेज में सुचारू ढंग से हो रही परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। छारा कॉलेज में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में एमडीयू के सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षाएं शांतिपूर्वक एवं सुचारु रूप से संचालित की जा रही हैं। यहां इस बार छारा कॉलेज के साथ ही दुजाना कॉलेज के कला संकाय की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिस कारण यहां परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है।

महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल ने बताया कि सभी परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों और नियमों के अनुसार पारदर्शिता, अनुशासन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाई जा रही हैं। कॉलेज प्रशासन द्वारा परीक्षा की सभी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।यहां दुजाना तथा छारा कॉलेजों के स्टॉफ की ड्यूटी लगाई गई है। पर्यवेक्षण, उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण-संग्रहण तथा अनुशासन व्यवस्था आदि सभी कार्य सुव्यवस्थित रूप से हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन भी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवा रहा है। डॉ. दलाल ने परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए विश्वविद्यालय, स्टाफ, पुलिस प्रशासन समेत सभी सहयोगी कार्मिकों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# महाराजा सूरजमल स्कूल की टीम ने जीता प्री-सुब्रतो कप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बादली में आयोजित प्री-सुब्रतो फुटबॉल कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराजा सूरजमल स्कूल की टीम ने फाइनल में जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं लड़कियों में माछरोली सरकारी स्कूल की टीम ने जीत दर्ज की।

दरअसल, 13 से 16 मई तक बादली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मैदान में अंडर-17 प्री सुब्रतो फुटबॉल कप का आयोजन हुआ। पहले ब्लॉक स्तर पर मुकाबले हुए। जिनमें शानदार प्रदर्शन करते हुए बहादुरगढ़ ब्लॉक से महाराजा सूरजमल की टीम अव्वल रही।



बहादुरगढ़। कोच के साथ कप जीतने वाली टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

इसके बाद शुक्रवार को जिला स्तर पर मुकाबले हुए।

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने शुरुआत कराई। फाइनल मुकाबला महाराजा सूरजमल स्कूल व गवर्मेंट स्कूल कबलाना के बीच हुआ। इस मुकाबले में महाराजा सूरजमल की टीम छाई रही और 4-0 के अंतर से मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। टीम की जीत पर प्रिंसिपल महेंद्र कटारिया, वाइस प्रिंसिपल मुकेश रानी, कोच प्रदीप दलाल सहित तमाम स्टाफ सदस्यों ने खुशी जताई है।

वहीं, लड़कियों के मुकाबले में माछरोली सरकारी स्कूल की टीम ने जसोरखेड़ी सरकारी स्कूल की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। डीपीई शमशेर सिंह की अध्यक्षता में ये खेल हुए। मुकेश, प्रवीण, पूनम, सुदेश, सोनिया, नीलम, कृतिका रवींद्र, हितेश, मुकेश, नवीन, निरुपमा, कविता, प्रदीप, सीमा आदि का भी सहयोग रहा।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को नशे व सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका स्कूल में सामुदायिक पुलिसिंग सेल झज्जर की टीम ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बताए तथा यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया। निरीक्षक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को पढ़ लिखकर एक अच्छा नागरिक बनने और अपने माता-पिता की उम्मीद पर खरा उतरने को प्रेरित किया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि आप पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़ चढ़कर भाग लें और नशे से दूर रहें। नशा एक भयानक बीमारी है, जो हंसते खेलते पूरे परिवार को बर्बाद कर देती है। अच्छे व्यक्तियों को ही अपना दोस्त बनाएं और हर बात अपने माता-पिता के साथ जरूर शेयर करें। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि वे दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। दो पहिया वाहन पर केवल दो ही व्यक्ति सवारी करें। किसी प्रकार की कोई स्टंटबाजी ना करें।

# खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा और पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस कड़ी में शुक्रवार को शहर के ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नशे के विरुद्ध खिलाड़ियों को जागरूक करते हुए एएसआई देवेंद्र दलाल ने कहा कि नशा मुक्त भारत बनाने के लिए भारत सरकार और हरियाणा सरकार युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नशे ने परिवारों व समाज के साथ ही राष्ट्र को भी क्षति पहुंचाई है। युवा देश की धरोहर हैं। सरकार व ब्यूरो युवाओं को नशे से बचाने में जुटे हैं।



बहादुरगढ़। खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते एएसआई देवेंद्र दलाल।

नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। जागरूकता के माध्यम से भी जन जागृति की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सक है। कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों को नशे के विरुद्ध शपथ ग्रहण करवाई गई।



बहादुरगढ़। छात्राओं को सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग देती टीम की सदस्य।

### छात्राओं को दी सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा शुक्रवार को सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग आयोजित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेविकाओं को सुरक्षा एवं राष्ट्र सेवा से जुड़ी आवश्यक जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। महिला थाना प्रभारी व एसआई नीलम ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि वर्तमान समय में देश की महिलाओं का सजग, सतर्क एवं प्रशिक्षित होना अति आवश्यक है। ऐसे में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण राष्ट्र सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। एएसआई सरला देवी ने बताया कि 112 एक आपातकालीन नंबर है, इसका उपयोग भारत के सभी राज्यों में पुलिस, अग्निशमन और चिकित्सा सेवाओं की सहायता के लिए किया जाता है। ईएचसी टीना व एचसी अंजू के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने अपने प्रशिक्षण में 10 बचाव तकनीक का व्यवहारिक प्रदर्शन किया। स्वयंसेविकाओं को अत्यंत प्रभावी एवं व्यवहारिक ढंग से विभिन्न बचाव तकनीकों का अभ्यास करवाया। एनएसएस अधिकारी प्रवेश दहिया ने सभी स्वयंसेविकाओं को इस समाज हितकारी प्रयास के लिए शुभकामनाएं दी।



झज्जर। पदक विजेता आयुष को पुरस्कृत करते हुए संस्थान पदाधिकारी।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पदक विजेता आयुष को किया सम्मानित

**झज्जर।** पैरामाउंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किया है। संस्था निदेशक इंद्रजीत फौगाट ने बताया कि हाल ही में जयपुर में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा आयोजित नेशनल फेडरेशन कप चैंपियनशिप में पैरामाउंट स्कूल के छात्र आयुष ने सिल्वर मेडल प्राप्त करके अपने अभिभावकों, संस्थान व जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते हुए उसे संस्थान की ओर से पुरस्कृत किया गया। निदेशक इंद्रजीत फौगाट ने विजेता खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए संस्थान पदाधिकारी।

### विद्यार्थियों को मिलावट से बचाव व सुरक्षा का दिया संदेश

**झज्जर।** युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा में शुक्रवार को फूड सेफ्टी एवं एडल्टरेशन जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक से गृह विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष डॉक्टर आशा खरब ने शिरकत की। मुख्यातिथि ने उपस्थित विद्यार्थियों और स्टॉफ सदस्यों को खाद्य सुरक्षा, मिलावट की पहचान एवं इसके दुष्परिणामों पर विस्तृत जानकारी दी और सतर्कता बरतने का संदेश दिया। उन्होंने विभिन्न खाद्य पदार्थों जैसे दूध, फल-सब्जियों, अनाज-दालों एवं अन्य पदार्थों में मिलावट और उनसे होने वाली बीमारियों के बारे में बताया, साथ ही उनसे बचने के तरीके भी बताए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा मानकों का भी पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## विपरीत परिस्थितियों में भी समाज को सही दिशा देने का काम करता है पत्रकार : डॉ. दिवाकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को आदि पत्रकार महर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में पत्रकार संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला संघ चालक महेंद्र बंसल के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रमोद बंसल ने बतौर मुख्यातिथि व स्टारैक्स यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉक्टर अशोक दिवाकर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनमंच पत्रकार संघ के प्रधान तपस्वी शर्मा ने की और जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य वक्ता डॉक्टर अशोक दिवाकर ने कहा कि आदि पत्रकार महर्षि नारद ने जनकल्याण की भावना से पत्रकारिता की विभिन्न नैतिक मानदंडों का साक्षात्कार कराया है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की अनेक समस्याओं के निराकरण के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपने काम को करते हुए पत्रकारों के सामने कई कठिन परिस्थितियां आती हैं, लेकिन कलम के सिपाही अपने कर्तव्य पथ से कभी विमुख नहीं होते। उन्होंने कहा कि पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी समाज को सही दिशा देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि किताबें प्रत्येक व्यक्ति खरीद कर नहीं पढ़ सकता। लेकिन पत्रकार अपनी खबरों की माध्यम से आमजन को भी देश विदेश और आस पास की घटनाओं की जानकारी देता है। चाहे सामाजिक उत्थान का विषय हो या स्वास्थ्य व रोजगार का पत्रकार का यह प्रयास रहता है कि कैसे आमजन को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि समाज और सरकार को भी चाहिए कि वे पत्रकारों का सहयोग करें। वहीं मुख्यातिथि प्रमोद बंसल ने आदि पत्रकार महर्षि नारद को नमन करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते है। वे धूप छांव, आंधी, तूफान की परवाह किए बिना समाज हित के लिए कार्य करते है। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक समिति सदस्य एडवोकेट रोशन, शुद्धचैतन्य, वरिष्ठ पत्रकार अमित पोपली, देवेंद्र शुक्ला, रवि हसीजा, मनमोहन खंडेलवाल, जगदीप राज्याण, दिनेश मेहरा, राहुल चौहान, राकेश कायत, प्रदीप राज्याण, राहुल तंवर, ललित कुमार, विकास शर्मा, कमल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिला संघ चालक, मुख्यातिथि, मुख्यवक्ता एवं पत्रकार।



बहादुरगढ़। पदक विजेता साहिल व नितिन पहलवान।

### खेलो इंडिया में साहिल व नितिन पहलवान ने जीते गोल्ड

**बहादुरगढ़।** बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बुपनिया स्थित जयवीर अखाड़े के पहलवान छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए अखाड़े के दो पहलवानों ने अपने भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीते। इनकी जीत पर परिजनों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। अखाड़े में लौटने पर इनका जोरदार अभिनंदन किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए कोच जयवीर ने बताया कि बिहार के पटना में 11 से 14 अप्रैल तक ये खेल हुए थे। खेलों की कुश्ती स्पर्धा में हमारे अखाड़े के साहिल और नितिन ने जोर आजमाइश करते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया। साहिल ने 55 केजी फ्री स्टाइल के फाइनल में दिल्ली के पहलवान को हराकर गोल्ड पर कब्जा जमाया। वहीं 92 केजी ग्रीको रोमन में नितिन ने गोल्ड जीता। नितिन ने फाइनल में तेलंगाना के पहलवान को शिकस्त दी। साहिल गांव बराही का रहने वाला और पिछले चार साल से प्रेक्टिस कर रहा है। जबकि नितिन जींद के राजगढ़ से है और लगभग छह साल से प्रशिक्षण ले रहा है। दोनों ही पहलवान बेहद होनहार हैं। इससे पहले भी कई मेडल जीत चुके हैं। पिछले साल अंडर 15 एशियन चैंपियनशिप में साहिल ने सिल्वर तो नितिन ने ब्रांज मेडल जीता था। वहीं, विजेता पहलवानों ने अपनी जीत का श्रेय कोच जयवीर, परिजनों के आशीर्वाद तथा साथी पहलवानों के सहयोग को दिया है।



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

### होनहार विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत ने पहनाए चांदी के मेडल

**झज्जर।** शहीद धर्मबीर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में शुक्रवार को दसवीं व बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले होनहार विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत द्वारा चांदी के मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में ढाकला ग्राम सरपंच सोनू कुमार व चांदौल ग्राम सरपंच जीत सिंह सहित ग्रामवासियों ने 10वीं तथा 12वीं कक्षा में मेरिट, प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चांदी के मेडल पहनाए गए। प्राचार्य वेद प्रकाश सैनी ने मुख्यातिथियों तथा सेवानिवृत्त सैनिक वीरेंद्र ने अपनी तरफ से भी प्रोत्साहन राशि भेंट की। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में बारहवीं कक्षा से मोहित, यश, नितेश, मोहित, विनय, साहिल व रिया तथा दसवीं कक्षा से अभय, मोहित, अर्पिता, प्रियांशी शामिल रहे। इस मौके पर जसवंत गुलिया, योगिता, ममता, मुमताज, यशवन्ती, आनन्द, संदीप, मनोज, राहुल तिवारी, राकेश, ब्रहमपाल, अमित, रमेश, सुनील, पवन, जयविन्द्र, लख्मी चंद, परमजीत, नवीन, नीतू, अरुण नान्दल, विजय धनखड़ सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### श्री श्याम मंदिर में देव प्रतिष्ठा कल

**बहादुरगढ़।** श्याम सेवक मंडल समिति द्वारा श्री श्याम मंदिर में रविवार 18 मई को देव प्रतिष्ठा की जाएगी। प्रात 10 बजे हवन के उपरांत 12 बजे से एक बजे के बीच ड्रेन रोड पर श्याम जी कॉम्प्लेक्स के पीछे बने श्री श्याम मंदिर में प्रतिष्ठा की जाएगी। मंदिर कमेटी के सचिव राम गोपाल पंवार ने बताया कि पूजा पाठ सोमवार से प्रतिदिन चल रहा है। श्याम प्रेमियों द्वारा शनिवार 17 मई को नगर परिक्रमा ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही भजन संध्या भी होगी। श्री श्याम सेवक मंडल समिति द्वारा सर्वप्रथम श्याम बाबा का जागरण वैश्य स्कूल में 3 दिसंबर 1994 को हुआ था। राधेश्याम काबरा ने संकल्प लिया था कि वे श्री खाटू श्याम मंदिर बहादुरगढ़ में स्थापित करेंगे।

### रास्ता रोककर युवक व उसके साथी को पीटा

**बहादुरगढ़।** बराही के निवासी एक युवक व उसके साथी से रास्ता रोककर मारपीट की गई। डंडों से वार किए गए। बराही के ही दो युवकों पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। वारदात बराही के निवासी हन्नी के साथ हुई है। हन्नी का कहना है कि वह अपनी भांजी को स्कूल छोड़ने जा रहा था। जब सांखोल के पास पहुंचा तो बराही फाटक बंद थी। इसी दौरान हमारे गांव के निवासी दो युवक आए और उन्होंने बेवजह मारपीट शुरू कर दी। जैसे तैसे बचाव कर मैं अपनी भांजी को स्कूल छोड़ने के लिए चल पड़ा। वे दोनों पीछे पीछे स्कूल तक भी आ गए। वापसी में उन्होंने रास्ता रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। फिर उन्होंने मुझ से मेरे एक परिचित युवक को बुलवाया। वो परिचित युवक आया तो उसको भी पीटना शुरू कर दिया। हम दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई। हमलावरों ने हम दोनों को जान से मारने की धमकी दी।

### किशोर के अगवा होने की आशंका, केस

**बहादुरगढ़।** मध्य प्रदेश मूल का एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। कम्तू सौर का कहना है कि वह यहां हरदयाल स्कूल के पास रहता है। उसका छोटा बेटा 14 वर्षीय नीलेश गत 12 मई की शाम को पांच बजे घर से घूमने की बात कहकर निकला था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तलाशते रहे लेकिन नहीं मिला। हमें आशंका है कि उसको किसी ने कहीं छिपा रखा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अब 20 मई नहीं 9 जुलाई को होगी हड़ताल

**बहादुरगढ़।** एआईयूटीयूसी के जिला सचिव सतीश कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के सांझा आह्वान पर 20 मई को होने वाली हड़ताल की तारीख बदल दी गई है। अब यह राष्ट्र व्यापी हड़ताल 9 जुलाई को होगी। हालांकि 20 मई को जिला व स्थानीय स्तर पर धरने, जुलूस, प्रदर्शन कर देश भर में अपनी मांगों को यथावत बुलंद किया जाएगा। विदित रहे राष्ट्र व्यापी हड़ताल का यह आह्वान केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के सांझा मंच द्वारा सरकार की मजदूर-कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ किया गया था। एआईयूटीयूसी से जुड़ी हुई तमाम यूनियनें आगामी 9 जुलाई को राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने का अभियान यथावत जारी रखेंगी।

# बंदरों को भगाने के लिए कंपनी में बंधक बनाकर रखा लंगूर तो जीव प्रेमी हुए नाराज

## ■ जीव प्रेमियों की शिकायत पर वन्य प्राणी विभाग ने शुरू की जांच ■ फिलहाल मौके पर नहीं मिला लंगूर, कंपनी से सीसीटीवी फुटेज ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ लंगूर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

एचएसआईआईडीसी में स्थित एक नामी कंपनी में लंगूर बंदर को बंधक बनाकर रखने का मामला सामने आया है। इस घटना की वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल है। घटना से जीवप्रेमी आहत हैं। जीव प्रेमी व एक अधिवक्ता की ओर से इस संबंध में हरियाणा के मुख्य मंत्री, फोरेस्ट डिपार्टमेंट सहित अन्य विभागों व अधिकारियों को एक्स पर शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग ने भी जांच शुरू कर दी है।



बहादुरगढ़। वीडियो में दिखाई दे रहा लंगूर बंदर।

वीरवार की रात को ही विभाग की टीम ने कंपनी परिसर में दस्तक दे दी थी। इसके बाद शुक्रवार की सुबह भी टीम जांच करने आई। अधिकारियों की मानें तो कंपनी परिसर में लंगूर देखने को नहीं मिला। जिस वीडियो में लंगूर दिखाई दे रहा है, वह भी कुछ महीने पुराना बताया रहा है। यदि टीम की सूचना से पूर्व लंगूर को इधर-उधर किया है तो इस शंका को देखते हुए 48 घंटे की सीसीटीवी फुटेज कंपनी से ली गई है। उधर, जीव प्रेमियों का कहना है कि एचएसआईआईडीसी में मौजूद कई कंपनियों में लंगूर होने की संभावना है। दरअसल, यहां बंदरों की संख्या अधिक है और उन्हें भगाने के लिए लंगूर हायर किए जा रहे हैं। एडवोकेट नवीन सिंगल व जीव प्रेमी मंजीत सहरावत ने कहा कि एक जीव को भगाने के लिए दूसरे जीव को बंधक बनाकर रखना गैरकानूनी और अमानवीय है। यदि बंदरों से तक्लीफ है तो किसी एजेंसी के जरिये उन्हें सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगलों में छोड़ा जाए। संबंधित विभाग या औद्योगिक संस्थाएं ये व्यवस्था कर सकती हैं। इस तरह लंगूरों को कैद करना ठीक नहीं है। यदि वीडियो पुरानी भी है तो, घटना तो हुई ही है। अधिकारियों को यह भी पता लगाना चाहिए कि लंगूरों को गैर कानूनी ढंग से लाकर कौन उपलब्ध करा रहा है।

### नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

मामला हमारे संज्ञान में आया है। वीरवार की शाम को टीम मौके पर भेज दी गई थी। शुक्रवार को भी टीम जांच करने पहुंची लेकिन लंगूर बंद नहीं मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए दो दिन की सीसीटीवी फुटेज ली गई है। यदि कुछ गैर कानूनी मिलता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कई और कंपनियों में जांच अभियान चलाया जाएगा। यदि कहीं लंगूर मिलते हैं तो रेस्क्यू किए जाएंगे।

- **राजेश कुमार**, इंस्पेक्टर, वन्य प्राणी विभाग झज्जर

# धारौली में घर में आग लगने से झुलसी दूसरी बहन ने भी पीजीआई में दम तोड़ा

## मृतका के जेठ व उसके साथियों पर आग लगाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव धारौली के एक मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग में जहां एक बहन की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं करीब अट्ठारह दिन बाद पीजीआई में उपचाराधीन मृतका की बड़ी बहन ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शुक्रवार को पीजीआई में मृतका कोमल का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस द्वारा शव परिजनों को सौंप दिया गया। बता दें कि बीती 27 अप्रैल की रात करीब बारह बजे हुई इस आगजनी की घटना में कोमल की छोटी बहन करीब 24 वर्षीया हिमांशु उर्फ निधि की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं कोमल भी अपनी बहन को बचाते हुए बुरी तक से आग में झुलस गई थी। गंभीर हालत के कारण चिकित्सकों द्वारा उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रैफर किया गया था। उस दौरान मृतका के चचेरे भाई पूर्णमल ने बताया था कि हिमांशु व कोमल की मां का निधन करीब बीस वर्ष पहले हो गया जबकि उनके पिता करीब छह साल पहले घर से लापता हो गए थे। कोमल की शादी करीब दस वर्ष पहले रेवाड़ी जिले में हुई थी। पिता के गायब होने के बाद कोमल अपने पुत्र के साथ धारौली आ गई थी और तभी अपनी छोटी बहन के साथ रह रही थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा मृतका के जेठ एवं अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



■ कोमल अपनी छोटी बहन निधि को आग से बचाते समय झुलस गई थी

■ निधि की मौके पर हो गई थी मौत

### पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंपा शव

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव ढुजाना में अज्ञात कारणों के चलते युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस द्वारा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि ढुजाना गांव के करीब 26 वर्षीय नीरज पुत्र गणपत ने वीरवार की दोपहर बाद करीब तीन बजे अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों को जब घटना का पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी विनोद ने बताया कि नीरज अविवाहित था और मेहनत-मजदूरी करता था।

### एटीएम बदल कर निकाले 25500 रुपये, केस दर्ज

**झज्जर।** शहर के धौड़ चौक के नजदीक एक बैंक के एटीएम से पैसे निकलवाने पहुंचे क्षेत्र के गांव पहाड़ीपुर निवासी एक व्यक्ति ने अंजान युवक पर एटीएम बदलकर धोखाधड़ी से 25 हजार 500 रुपये निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में पहाड़ीपुर गांव निवासी राजेंद्र दत्त ने बताया कि वह आर्मी से रिटायर्ड है तथा खेतीबाड़ी का कार्य करता है। बीती नौ मई को वह किसी कार्य से झज्जर आया था। इस दौरान दोपहर करीब तीन बजे वह धौड़ चौक के नजदीक एक बैंक के एटीएम से पैसे निकालने पहुंचा जहां पहले से ही एक युवक एटीएम के अंदर मौजूद था। राजेंद्र दत्त के अनुसार जब वह एटीएम से पैसे निकालने लगा तो उसका कार्ड मशीन में फंस गया। वहां मौजूद अंजान युवक ने कहा कि वह उसका एटीएम निकाल देता है। इसके बाद उसने एटीएम निकालकर उसे दे दिया और वह बगैर रुपये निकलवाए ही घर चला गया। राजेंद्र दत्त ने बताया कि शुक्रवार को उसे पता चला कि उसके खाते से 25500 रुपये निकाले गए है।

# सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शुक्रवार शाम को बहादुरगढ़ में भाजपा के आह्वान पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में पीएम मोदी और भारतीय सेना के सम्मान में गगन भेदी नारे लगाए गए।

### गगन भेदी नारे लगाए


भाजपा के आह्वान पर आयोजित तिरंगा यात्रा शहर के करोड़ डीएवी स्कूल से शुरू होकर लाल चौक, मेन बाजार, किला मोहल्ला, मांडोठी बाजार व झज्जर रोड होते हुए शहीदी स्मारक पर शहीदों को नमन करते हुए संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक, संजय कबलाना, चेयरपर्सन सरोज राठी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगडा, हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री, सतीश नंबरदार, संजीव सैनी, जिला पार्षद रवींद्र बराही, राम अहलावत आदि भागीदार बने। इस दौरान ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा सैनिकों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत की एक झलक भी है। मोदी सरकार के फैसले और सेना के सामर्थ्य से सारा देश खुश है। आतंकियों को भारत की सेना ने ढूंढ-ढूंढ कर मारा है।



# अरविंद शर्मा ने दिया परशुराम जयंती का निमंत्रण

## ■ रोहतक के पहरावर में 30 मई को होगा राज्य स्तरीय जयंती समारोह

**बहादुरगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बहादुरगढ़ पहुंचकर 30 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जयंती पर प्रस्तावित राज्य स्तरीय जयंती समारोह का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श हमें समाज को एकजुट बनाने, मिलकर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। शहर के सेक्टर-6 में भाजपा जिला सचिव नरेश भारद्वाज के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर समुदाय, हर वर्ग को साथ लेकर सबका उत्थान सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि 30 मई को रोहतक के पहरावर में प्रदेश के कोने-कोने से लोग पहुंचेंगे और भगवान परशुराम की जयंती मनाएंगे। सीएम नायब सिंह सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की संत-महापुरुष सम्मान व विचार प्रसार योजना को बढ़ाते हुए जयंतियों को निरंतर आयोजित करने की परंपरा को निभाया है। प्रदेश में भगवान परशुराम जयंती का राजकीय अवकाश भाजपा सरकार द्वारा घोषित किया गया। जगदीश चंद्र, सूरजभान भारद्वाज, नरेश भारद्वाज व बिजेंद्र भारद्वाज ने स्मृति चिह्न देकर डॉ अरविंद शर्मा को सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश कौशिक, राजपाल जांगड़ा, मुकेश कौशिक, राम अहलावत, संजय जून, ऋषि भारद्वाज, सचिन मित्तल आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। डॉ. अरविंद शर्मा का स्वागत करते नरेश भारद्वाज व अन्य।

# अब विधायक ने किया नाला निर्माण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने सैनीपुरा के अधर में लटके नाले का निर्माण शुक्रवार को शुरू करवाया। विधायक ने पूर्व पार्षद जसबीर सैनी व युवराज छिल्लर के साथ नप अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी चलाकर रुके हुए काम को शुरू करवाया। बता दें कि नगर परिषद द्वारा करीब 80 लाख रुपए की लागत से सैनीपुरा से ड्रेन तक नाला निर्माण का टेंडर लगाया गया था। लेकिन हशविप्रा की आपत्ति के बाद यह काम अटक गया था। कुछ दिन पहले भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने नारियल तोड़कर इसका निर्माण दोबारा शुरू करवाने का ऐलान किया था। शुक्रवार को विधायक राजेश जून ने जेसीबी चलाकर यह काम शुरू करवाया। इस दौरान नप अधिकारियों व ठेकेदार को हिदायत दी कि नाले व पाइप दबाने में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। जसबीर सैनी ने कहा इस नाले को कुछ स्वयंभू नेताओं ने राजनीति का अखाड़ा बना दिया था, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ा। अब नाला बनने से दयानंद नगर व सैनीपुरा के पानी की निकासी होने से लोगों को सीधा लाभ होगा। ठेकेदार के अनुसार इस नाले का निर्माण लगभग 20 दिनों में पूरा कर दिया जाएगा। विधायक राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सैनी के आशीर्वाद से हलके का चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा है। इस अवसर पर नप के ईओ संजय रोहिल्ला, सचिव प्रवीण छिकारा, एमई राजेश, जेई नीरज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। नाला निर्माण के लिए जेसीबी चलाते विधायक राजेश जून व अन्य।

# कुलासी लिंक ड्रेन से हो उत्तरी बाईपास का जुड़ाव : छिकारा



**बहादुरगढ़।** पूर्ण उत्तरी बाइपास संघर्ष समिति के अध्यक्ष सतीश छिकारा ने समिति के सदस्यों और अधिकारियों के साथ मौके पर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस्कॉन मंदिर निकट बन रहे करीब 70 फीट चौड़ा, 11 फीट गहरा तथा 3 फिट मोटे स्लैब से ड्रेन के दो भाग बनाकर कवर किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह बहुत ही मजबूत स्ट्रक्चर बन रहा है और करीब 2 महीने में नाहरा नाहरी रोड तक काम पूरा हो जाएगा। उसके बाद दूसरे फेज का काम सेक्टर-9 रोहतक दिल्ली मार्ग तक सरकार से अनुमति मिलने के बाद शुरू होगा। समिति अध्यक्ष सतीश छिकारा ने बताया कि कुलासी ड्रेन इसी वेस्ट जुआं ड्रेन में आकर मिलती है और नाहरा नाहरी रोड से कुलासी ड्रेन के साथ साथ करीब 100 फुट की लंबाई पड़ती है। उसे भी बाइपास रोड तक मिला दिया जाए तो रोहतक की तरफ से आने वाले वाहन सीधे नाहरा नाहरी रोड पर चढ़ जाएंगे और जाम से छुटकारा मिल जाएगा।

### आवास योजनाओं की वीसी के माध्यम से हुई समीक्षा

**झज्जर।** केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही ग्रामीण आवासीय योजनाओं को जिले में प्रभावी तरीके से लागू किया जाए ताकि प्रत्येक जरूरतमंद पात्र लाभार्थी के प्लाट व मकान का सपना पूरा हो। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को ग्रामीण हाउसिंग योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित वीसी के उपरांत अधिकारियों को निर्देश देते कही। उन्होंने कहा कि पात्र ग्रामीण परिवारों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आवास योजनाओं के तहत पक्के मकान दिए जाएंगे।

### डेंगू के खिलाफ किया जागरूक

**झज्जर।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में जिले भर में डेंगू जैसी घातक बीमारी के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया गया। सीएमओ डॉक्टर जयमाला की अगुवाई में आयोजित अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जहां 28 स्कूलों में रैली निकली गई वहीं 103 स्कूलों में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। इसके अलावा ओपीडी में आए मरीजों को भी जागरुक किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर ने आमजन को दिए अपने संदेश में आस-पास की साफ- सफाई रखने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि हम अपने आस-पास के वातारण को स्वच्छ रखेंगे तो डेंगू जैसी कई जानलेवा बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने सभी प्राइवेट संस्थाओं को सभी मच्छर जनित रोगों की रिपोर्ट दैनिक रूप से आईएचआईपी पोर्टल पर देने के निर्देश दिए।

### किसानों को दी उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की सलाह

**बहादुरगढ़।** उपमंडल के प्रत्येक गांव में 15 मई से 15 जून तक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करने के लिए किसानों को शिविर लगाकर जागरुक किया जा रहा है। जागरुकता शिविरों में कृषि विकास अधिकारियों द्वारा किसानों को उर्वरकों का संतुलित व आवश्यकता अनुसार प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।अभियान के तहत गांव छारा, बराही, आसौदा सिवान, बादली व ईस्माईलपुर में जागरूकता शिविर का आयोजित किए गए। इनमें असंख्य किसानों ने भाग लिया। एसडीओ डॉ. सुनील कौशिक ने उपमंडल के किसानों से अपील करते हुए कहा कि वो ज्यादा से ज्यादा इन जागरूकता शिविरों में भाग लें और विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं।

## संस्कारम् विश्व विद्यालय में हुआ मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

# बीएएलएलबी के विद्यार्थी चारू और संदीप, एलएलबी के छात्र भानु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिताब जीता

■ निर्णायकों ने दोनों विजेताओं की विधिक तर्कशक्ति, केस लॉ का विश्लेषण एवं प्रस्तुतिकरण की विशेष सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा शुक्रवार को मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधि संकाय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अधिवक्ता कौशल, तर्कशक्ति एवं विधिक अनुसंधान की समझ को सशक्त बनाना रहा। प्रतियोगिता में बीएएलएलबी एवं एलएलबी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी विधिक योग्यता, वाकपटुता एवं प्रस्तुति कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने न्यायालय जैसी वास्तविक परिस्थिति में अपने पक्षों की विधिपूर्वक प्रस्तुति कर न्याय प्रक्रिया की सूक्ष्मताओं को आत्मसात किया। मूट कोर्ट प्रतियोगिता की संयोजक सहायक प्राध्यापक अवनिका शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता परिणामों में बीएएलएलबी के विद्यार्थी चारू और संदीप, एलएलबी के छात्र भानु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता का खिताब जीता। निर्णायकों ने दोनों विजेताओं की विधिक तर्कशक्ति, केस लॉ का विश्लेषण एवं प्रस्तुतिकरण की विशेष सराहना की। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि विधिक शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, अपितु व्यवहारिक प्रशिक्षण और तर्कशक्ति का विकास इसका मूल उद्देश्य होना चाहिए। मूट कोर्ट जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को न केवल अधिवक्तृत्व की व्यावहारिक समझ देती हैं, बल्कि उन्हें न्यायप्रिय, नीतिपरायण और आत्मविश्वासी नागरिक बनने की ओर अग्रसर करती हैं।



झज्जर। मूट कोर्ट प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### कैंटर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**बहादुरगढ़।** गांव सौंधी में पेलपा रोड पर कैंटर और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोट आई है। उसे दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान धर्मेंद्र निवासी पेलपा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र वीरवार की रात को अपने पिता के साथ बाइक पर सवार होकर सौंधी से पेलपा जा रहा था। कुछ दूर चले ही थे कि सामने से आए एक कैंटर के साथ उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में धर्मेंद्र को गंभीर चोट आई। पिता बलवान ने राहगीरों की मदद से उसे संभाला और अस्पताल ले गए। जहां से उसे दिल्ली एम्स में ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर है। इस हादसे के लिए पिता बलवान ने कैंटर चालक को जिम्मेदार ठहराया है।

**सूचना**

मैं, पप्पू पुत्र श्री रामफल निवासी गांव छारा तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरी पुत्री प्रीति मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**NOTICE**

It is for general information that I, ANIL YADAV S/O HARI SINGH R/O, Chaman Pura (1-N) PO : Chamanpura, Distt: Jhajjar, Haryana -124102 declare that name of mine has been Wrongly written as ANIL in my minor son namely HIMANSHU aged 17 Years in his 10 & 12 educational documents and Aadhar Card NO-239554323064. The actual name of mine is ANIL YADAV Which may be amended accordingly.

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

Summer Sale

HARYANA का सबसे ज़्यादा बचत वाला APP
DOWNLOAD NOW
GET IT ON Google Play | Download on the App Store
SCAN TO DOWNLOAD

DELIVERY ONLY IN ROHTAK & BAHADURGARH CITY
17 MAY TO 23 MAY

ON SHOPPING OF ₹2499 & ABOVE GET FREE *FRESCA JUICE 1LTR.
OR
ON SHOPPING OF ₹2499 & ABOVE *1 kg sugar FREE

BAHADURGARH, JHAJJAR, ROHTAK, SAMPLA, DIGHAL, GOHANA

WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज़्यादा।

- HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT 750ML — MRP ₹180 — OUR PRICE ₹155
- CATCH SOFT DRINK 1.2 Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
- DIAMOND FUN FLIPS — BUY 1 GET 1 FREE
- PRABHAS PURE GHEE 1Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
- INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ₹1255 — OUR PRICE ₹949
- KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE 5kg 10kg — UPTO 40% OFF ON MRP
- DAAWAT rozana rice GOLD 5KG MRP ₹600 — OUR PRICE ₹399
- HERSHEY'S SYRUP — OUR PRICE ₹155
- BISLERI LIMONATA, REV, POP 600ml — BUY 1 GET 1 FREE
- GLUCOVITA 1KG — BUY 1 GET 2 FREE
- FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1LTR MRP ₹173 — OUR PRICE ₹149
- GO CHEESE SLICE 200gm — BUY 1 GET 1 FREE
- RAJDHANI SOOJI/MAIDA/DALIYA — BUY 2 GET 1 FREE
- PREET LITE GHEE 1Ltr. — OUR PRICE ₹315
- COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2L — OUR PRICE ₹79
- LAHORI JEERA 24 BOTTLES MRP ₹240 — OUR PRICE ₹185
- FRESCA JUICE 1Ltr. — BUY 1 GET 3 FREE
- FORTUNE KACHI GHANI 1LTR MRP ₹200 — OUR PRICE ₹159
- GOWARDHAN GHEE 1 Ltr. — OUR PRICE ₹689
- PEDIASURE VANILLA FLAVOR 1 KG MRP ₹1785 — OUR PRICE ₹1428
- AXE SHOWER GEL 500ML — BUY 1 GET 1 FREE
- HELL ENERGY DRINK 250ML — OUR PRICE ₹52
- HURRICANE ENERGY DRINK 250ML — BUY 1 GET 1 FREE
- RED BULL ENGRY DRINK 250ML MRP ₹125 — OUR PRICE ₹95
- RAJDHANI ATTA 10 KG MRP ₹599 — OUR PRICE ₹409
- SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- YUVAID GULAB SHARBAT 750 ML — BUY 1 GET 1 FREE
- MAGGI TOMATO KETCHUP WITHOUT OFFER 970G MRP ₹165 — OUR PRICE ₹99

WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

- MALKA LAL DAAL 1KG — OUR PRICE ₹89
- RAJMA CHITRA 1KG — OUR PRICE ₹135
- CHANA DAAL 1KG — OUR PRICE ₹80
- MALKA KALI DAAL 1KG — OUR PRICE ₹90
- KALA CHANA 1KG — OUR PRICE ₹77
- ORION CHOCO-PIE 25X10GM — BUY 1 GET 1 FREE
- VADILAL ICE CREAM — UPTO 50% OFF ON MRP
- KAAJU 500G — OUR PRICE ₹490
- WALLNUT (AKHROT) 250G — OUR PRICE ₹365
- KISHMISH JUMBO SIZE 1KG — OUR PRICE ₹350
- ARIEL COMPLETE DETERGENT 4KG — BUY 1 GET 1 FREE
- k'triq HAND WASH, DETERGENT, FLOOR CLEANER, DISHWASH (SELECTED VARIANTS) — BUY 1 GET 1 FREE
- SURF EXCEL EASY WASH 7KG MRP ₹1030 — OUR PRICE ₹699
- DETTOL SHOWER GEL 500ml — BUY 1 GET 1 FREE

UNDERGARMENTS SALE! MEN & WOMEN

| | |
|---|---|
| Dollar | DISCOUNT 30% |
| Dixcy Scott | DISCOUNT 30% |
| BODYCARE | DISCOUNT 20% |
| LUX cozi | DISCOUNT 30% |
| VAN HEUSEN | DISCOUNT 20% |
| MACROMAN | DISCOUNT 30% |
| U.S. POLO ASSN. | DISCOUNT 20% |
| MACHO UNDERWEAR | DISCOUNT 30% |

- TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE 9KG MRP ₹999 — OUR PRICE ₹785
- ARIEL MATIC FRONT LOAD 4+2KG+1L MRP ₹1549 — ₹250 OFF
- ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID 3LTR — 33% OFF ON MRP

NEW Elenta Branch

**Rohtak Model Town** Address: Elenta Mart, Near Apex Plus Super Speciality Hospital, Model Town, Near Kailash Ashram, Rohtak. Contact: +91-9350999480

**Rohtak** Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. Contact: +91-8199999480

**Bahadurgarh** Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899

**Jhajjar** Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531

**Sampla** Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800

**Gohana** Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626

**Dighal** Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127

TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.

FOLLOW US ON : elenta_mart | elenta mart